दिनांक : 22.04.2024 समय : 07.10

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये नाम वापसी का आज था अंतिम दिन, सात मई को होगा मतदान।
- प्रदेश में कांग्रेस/भाजपा सहित सभी दलों ने चुनाव प्रचार में झोकी ताकत।
- लोकसभा चुनाव के अगले चरणों में शतप्रतिशत मतदान के उद्देश्य के साथ मतदाता जागरूकता कार्यकम जारी।
- प्रदेश में कल भी आंधी, बारिश रहेगी जारी, 12 जिलों के लिए आरेंज, 28 के लिए यलो अलर्ट जारी।

समाचार विस्तार से:–

## लोकसभा तीसरा चरण नामांकन वापसी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का आज अंतिम दिन था। आज तीसरे चरण में मैदान में बचे उम्मीद्वारों की संख्या स्पष्ट हो जायेगी। दस राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की 95 लोकसभा सीटों पर 7 मई को मतदान कराया जाएगा। इस चरण में प्रदेश की 9 सीटों पर मतदान होगा। इसके अलावा गुजरात की सभी छब्बीसए कर्नाटक की चौदहए महाराष्ट्र की ग्यारहए उत्तर प्रदेश की दसए छत्तीसगढ की सातए बिहार की पांच असम और पश्चिम बंगाल की चार.चारए गोवाए दादरा और नागर हवेली और दमन दीव की दो.दो सीट और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू.कश्मीर की एक सीट इस चरण में शामिल है।

## गुजरात-भाजपा निर्विरोध निर्वाचन

गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज उन्हें जीत का प्रमाण-पत्र सौंपा। इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार का फॉर्म रिटर्निंग ऑफिसर ने खारिज कर दिया और अन्य 8 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया था।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में चुनाव प्रचार में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल पूरी क्षमता के साथ लगे हुए है। वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में रोडशो और जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने देवास, शाजापुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा की थी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा कल टीकमगढ़, रीवा और सतना में प्रचार करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा खजुराहोए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान नर्मदापुरमए राजगढ़ व विदिशा जिले में आज प्रचार किया । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी खरगौनए सनावदए सिवनी मालवा और इटारसी में चुनाव प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

मतदाता जागरुकता

प्रदेश में इन दिनों मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम लगातार जारी है । नीमच जिले में ग्राम पंचायत धनेरियाकलां में शत-प्रतिशत मतदान एवं

महिला मतदाताओं के मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए मतदान केन्द्र 19 एवं 20 में यूथ चला बूथ सेल्फी पाईंट लगाया गया। जहां ग्राम वासियों ने सेल्फी लेकर आगामी चुनाव में मतदान करने का संकल्प लिया। छतरपुर जिले में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। जिले में महिला मतदाताओं को मतदान केंद्र आकर वोट डालने के लिए बुंदेली परंपरा एवं संस्कार में परिपूर्ण पीले चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। गुना में आज मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जाटपुरा में छात्राओं ने मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे ॅींजे।चच नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

## मौसम

प्रदेश में एक बार फिर आंधी बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए नर्मदापुरमए बैतुलए खंडवाए खरगौनए धारए अनुपपुरए डिंडौरी छिंदवाड़ा सिवनीए मंडला बालाघाट पांढुर्णा सहित 12 जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवा केसाथ बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 28 जिलों में हल्की बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें इंदौर देवास भोपाल हरदा सागर मैहर जिले शामिल है। प्रदेश पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से बारिश हो रही है। भोपाल सहित कई जिलों में आज दिनभर बादल छाए हुए हैं। इससे पहले कल भोपालए रायसेन और नर्मदापुरम में तेज बारिश हुई। इस इटारसी में 15 से 20 मिनट तक बारिश हुई जिससे शहर की सड़कें तरबतर हो गईं।

इसके अलावा खरगोन के बड़वाह में भी पानी गिरा। इस बीच मौसम विभाग ने बताया कि 25 अप्रैल से एक बार फिर तेज गर्मी पड़ेगी। जिससे कई शहरों में तापमान 42 डिग्री सैल्सियस से अधिक होने की संभावना है।

भोजशाला

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर एएसआई टीम द्वारा लगातार 32 वें दिन वैज्ञानिक आधार पर सर्वे कार्य किया गया । आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अपर महानिदेशक प्रो .आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में आज सर्वे दल ने सुबह भोजशाला परिसर में प्रवेश किया। आज अधिकारियों की संख्या 27 और

मजदूरों की संख्या 32 है। भोजशाला में चारो ओर 50 मीटर एरिया की मैपिंग कर सर्वे किया जा रहा है। गत 2 दिन से सर्वे दल में और वैज्ञानिको के सदस्य जुड़ने से सर्वे कार्य में तेजी आ गई है दल के सदस्यों द्वारा कार्बन डेटिंग भी की जा रही है।

## राष्ट्रपति पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। पूर्व उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु तथा भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉक्टर पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण प्रदान किए गए। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और गायिका ऊषा उथुप को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। देश में पद्म पुरस्कार सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हैं जो तीन श्रेणियों पद्म विभूषणए पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किये जाते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाती है।

## चुनाव आयोग-हीटवेव

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण से पहले लू की स्थिति पर नजर रखने के लिए एक कार्य बल गठित किया है। इसमें चुनाव आयोगए मौसम विभागए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी शामिल हैं। यह कार्य बल लू के प्रकोप से निपटने के उपायों की समीक्षा करेगा। निर्वाचन आयोग मतदान केंद्रों पर

शामियानाए पेयजलए पंखे और अन्य ऐसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ अलग से भी समीक्षा बैठक करेगा।

**समाचार संक्षेप में :–**

- स्वास्थ्य केन्द्रों में सुविधाएं बेहतर करने हेतु गठित नेशनल एसेसमेंट की टीम ने आज आगरमालवा जिले की सुसनेर तहसील के ग्राम छापरिया उपस्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया।
- आज सीहोर जिले के विकासखंड इछावर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमलाहा में विकल्प कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य इसमें में परिवार कल्याण के अस्थाई साधन अंतर्गत व अन्य अस्थायी साधनों का प्रशिक्षण दिया गया।
- मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी द्वारा वर्ष 2024.25 के लिए सेलिंग विधा के प्रतिभा चयन कार्यक्रम का आयोजन अशोकनगर जिले में रखा गया है। जिले के वाटर स्पोटर्स में रूचि रखने वाले खिलाडियों हेतु प्रारंभिक चयन 24ण्अप्रैल को होगा।

.............................................